N.C.R.B/एन.सी.आर.बी
I.I.F.-I /एकीकृत जाँच फॉर्म

FIRST INFORMATION REPORT
Under Section 173 B.N.S.S.
(प्रथम सूचना रिपोर्ट)
अंतर्गत धारा 173 बी. एन. एस. एस.

1. **District (जिला):** ACB DISTRICT **P.S. (थाना):** C.P.S Jaipur **Year (वर्ष):** 2025

2. **FIR No. (प्र.सू.रि.सं):** 0323 **Date and Time of FIR (एफआईआर की तिथि/समय):** 06/12/2025 15:26 बजे

S.No. (क्र.सं.)	Acts (अधिनियम)	Sections (धाराएँ)
1	भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 के अधिनियम संख्या 16 द्वारा संशोधित)	7

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

1. **Day(दिन):** दरमियानी दिन **Date From (दिनांक से):** 01/12/2025 **Date To (दिनांक तक):** 04/12/2025

Time Period (समय अवधि): पहर **Time From (समय से):** 13:20 बजे **Time To (समय तक):** 15:55 बजे

(b) **Information received at P.S. (थाना जहाँ सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 06/12/2025 **Time (समय):** 12:00 बजे

(c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ) :** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 001 **Date & Time (दिनांक एवं समय)** 06/12/2025 15:26:[illegible] बजे

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** लिखित

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**

1. (a) **Direction and distance from P.S. (थाने से दिशा और दूरी):** SOUTH-EAST, 02 किमी **Beat No. (बीट सं.) :** NOT APPLICABL[illegible]

(b) **Address(पता):** SURENDRA TEA STALL, KARALYA JILA SHIKSHA ADHIKARI/MADHYAMIK, JALOR K[illegible]
PASS AAHOR ROAD, JILA JALOR

(c **In case, outside the limit of this Police Station, then (यदि थाना सीमा के बाहर हैं तो)**

Name of P.S (थाना का नाम):

District(State) (जिला (राज्य)):

6. Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):

(a) Name(नाम): VIKARAM SINGH

(b) Father's Name (पिता का नाम): LET. JAWAHAR SINGH

(c) Date/Year of Birth (जन्म तिथि/ वर्ष): 1986 (d)Nationality(राष्ट्रीयता): INDIA

(e) UID No(यूआईडी सं.):

(f) Passport No. (पासपोर्ट सं.):

Date of Issue (जारी करने की तिथि): Place of Issue (जारी करने का स्थान):

(g) Id details (Ration Card,Voter ID Card,Passport,UID No.,Driving License,PAN) (पहचान विवरण(राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र,पारपत्र,आधार कार्ड सं,ड्राइविंग लाइसेंस,पैन)):

S.No.	Id Type	Id Number

(h) Occupation (व्यवसाय):

(i) Address(पता):

S.No. (क्र. सं.)	Address Type (पता का प्रकार)	Address (पता)
1	वर्तमान पता	GOTHRA BHOOKRAN, DADIYA, SIKAR, RAJASTHAN, INDIA
2	स्थायी पता	GOTHRA BHOOKRAN, DADIYA, SIKAR, RAJASTHAN, INDIA

(j) Phone number (दूरभाष न.): Mobile (मोबाइल न.):

7. Details of known/suspected/unknown accused with full particulars (ज्ञात/संदिग्ध/अज्ञात अभियुक्त का पुरे विवरण सहित वर्णन):

Accused More Than(अज्ञात आरोपी एक से अधिक हो तो संख्या):

S.No. (क्र.सं.)	Name (नाम)	Alias (उपनाम)	Relative's Name (रिश्तेदार का नाम)	Address (पता)
1	MAHENDRA KUMAR MEENA		पिता:CHIMANARAM	1. VALDARA,BHADRAJUN,JALOR

8. Reasons for delay in reporting by the complainant/informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):

9. Particulars of properties of interest (Attach separate sheet, if necessary) (सम्बन्धित सम्पत्ति का विवरण(यदि आवश्यक हो, तो अलग पृष्ट नत्थी करें)):

S.No. (क्र.सं.)	Property Category (सम्पत्ति श्रेणी)	Property Type (सम्पत्ति के प्रकार)	Description (विवरण)	Value(In Rs/-) (मूल्य(रु में))
1	सिक्के और मुद्रा	रुपये		10,000.00

10. Total value of property stolen(In Rs/-) (चोरी हुई संपत्ति का कुल मूल्य(रु में)): 10,000.00

11. Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण न., यदि कोई हो):

S.No. (क्र.सं.)	UIDB Number (यू.आई.डी.बी. संख्या)

12. First Information contents (Attach separate sheet, if necessary) (प्रथम सूचना तथ्य(यदि आवश्यक हो , तो अलग पृष्ठ सत्थी करे)):

सेवामे,श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकभ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जालोरजिला जालोर ।विषयः- रिश्वत लेते रंगे हाथो गिरफ्तार करवाने के संबंध में ।महोदयउपरोक्त विषयान्तर्गत नम्र निवेदन है कि मैं विक्रमसिंह पुत्र स्व. श्री जवाहरसिंह जाति जाट उम्र 39 साल निवासी गोठडा भूकरान, पुलिस थाना दादिया जिला सीकर (राज.) का रहने वाला हूँ। मेरे कस्बा भीनमाल जिला जालोर में परफेक्ट कैरियर एकेडमी के नाम से आठवीं तक मान्यता प्राप्त स्कूल है जिसका मैं निदेशक हूँ। मेरी स्कूल के मान्यता कोड RJJLR36512 है तथा PSP Code P73694 है। मेरी स्कूल की मान्यता जारी हुई उस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा.) के कार्यालय में कार्यरत बाबू श्री महेन्द्र कुमार मीणा ने मेरे से 5,000/- रुपये स्कूल की मान्यता जारी करवाने की एवज में मांगे थे जो मैने नहीं दिए थे। भारत सरकार द्वारा स्कूल में अध्ययनरत विधार्थीयों के डाटा ऑनलाईन रखने के लिए UDISE पोर्टल संचालित किया जा रहा है जिसमे मैने मेरी स्कूल के UDISE नंबर व पासवर्ड जारी करवाने हेतु आवेदन मय दस्तावेज तैयार कर कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा.) जालोर में करीबन बीस दिन पहले प्रस्तुत किये थे, मगर मेरे स्कूल के UDISE नंबर व पासवर्ड जारी नहीं हुए तो मैं दिनांक 15.11.2025 को जालोर आकर श्री महेन्द्र कुमार मीणा बाबूजी से मिला तो उन्होने मुझे कहा कि आपने आपकी स्कूल की मान्यता जारी करवाई उसके भी मुझे 5,000 रुपये नहीं दिए इसलिए अब आपको स्कूल मान्यता जारी करवाने के तथा UDISE नंबर व पासवर्ड जारी करवाने के 10,000 रुपये मुझे देने पडेगे तभी मैं आपकी स्कूल के UDISE नंबर व पासवर्ड जारी करवाऊंगा। मैं मेरे उपरोक्त वैध कार्य की एवज में श्री महेन्द्र कुमार मीणा बाबूजी को 10,000 रुपये रिश्वत के रुप में नहीं देना चाहता हूँ तथा उसे रिश्वत लेते हुए रंगेहाथो पकड़वाना चाहता हूँ। मेरे तथा श्री महेन्द्र कुमार मीणा बाबूजी के मध्य किसी भी प्रकार का लेन-देन बकाया नहीं है तथा ना ही हमारे आपसी कोई रंजीश वगैरा है। रिपोर्ट पेश करता हूँ कानूनी कार्यवाही करावें। प्रार्थी एसडी विक्रमसिंह पुत्र स्व. श्री जवाहरसिंह जाट निवासी गोठडा भूकरान पुलिस थाना दादिया जिला सीकर मो.नं. ---------- कार्यावाही पुलिस दिनांक 01.12.2025 को समय 01.20 पी.एम. पर परिवादी श्री विक्रमसिंह पुत्र स्वः जवाहरसिंह जाति जाट उम्र 39 साल निवासी गोठडा भूकरान पुलिस थाना दादिया जिला सीकर, हाल निवास निदेशक परफेक्ट कैरियर एकेडमी स्कूल भीनमाल जिला जालोर ने कार्यालय भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जालौर में उपस्थित होकर मन् मांगीलाल राठौड़, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को एक उपरोक्त हस्तलिखित रिपोर्ट पेश की जिसका अवलोकन किया जाकर परिवादी से विस्तृत पुछताछ की गई। दरियाफ्त पर परिवादी श्री विक्रमसिंह ने उपरोक्त रिपोर्ट स्वयं के हस्तलिखित होना व उस पर स्वयं के हस्ताक्षर होना तथा रिपोर्ट में लिखे समस्त तथ्य सही होना बताया व रिपोर्ट के साथ स्वयं के आधार कार्ड की फोटो प्रति तथा स्कूल मान्यता से संबंधित स्वःप्रमाणित प्रतियां पेश की। परिवादी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट व दरियाफ्त से प्रथम दृष्टया मामला भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (यथा संशोधन 2018) की परिधि में आने से प्रथमतः रिश्वती राशि मांग का गोपनीय सत्यापन करवाने का निर्णय लिया गया। परिवादी ने बताया कि मैने दिनांक 15.11.2025 को एसीबी हेल्प लाईन नंबर 1064 पर उपरोक्त शिकायत के संदर्भ में वार्ता की थी जिस पर उसी दिन आपने भी मुझे कॉल कर कार्यवाही हेतु कार्यालय में उपस्थित आने हेतु कहा था मगर मेरे विद्यालय में अद्धवार्षिक परीक्षा प्रारम्भ होने तथा मेरे घर पर अति-आवश्यक कार्य व रिश्तेदारी में शादी ब्याव में व्यस्त होने से उक्त कार्यवाही हेतु मैने आईन्दा आपके कार्यालय में उपस्थित आने हेतु निवेदन किया था, आज मैं मेरे कार्य से निवृत होकर उपस्थित आया हूँ। तत्पश्चात समय 01.45 पी.एम. पर कार्यालय हाजा में उपस्थित श्री रविन्द्र कुमार सहायक उप निरीक्षक पुलिस को कार्यालय हाजा के मालखाना में से डिजीटल वॉयस रिकार्डर मय नये मैमोरी कार्ड निकालकर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के कार्यालय कक्ष में तलब किया जाकर तलब करने के मन्तव्य से अवगत करवाते हुए उपस्थित परिवादी श्री विक्रमसिंह से आपस में परस्पर परिचय करवाया गया तथा दोनो के मोबाईल नंबरों का परस्पर आदान-प्रदान करवाया गया। मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने डिजीटल वॉयस रिकार्डर में नया मैमोरी कार्ड डालकर डिजीटल वॉयस रिकार्डर को ऑन किया जाकर मय मैमोरी कार्ड के खाली होना सुनिश्चित किया जाकर उपस्थित परिवादी श्री विक्रमसिंह एवं श्री रविन्द्र कुमार एएसआई को डिजीटल वॉयस रिकार्डर चलाने की प्रक्रिया के बारे में भलीभाँति समझाया जाकर समय 02.15 पी.एम. पर श्री रविन्द्र कुमार सहायक उप-निरीक्षक पुलिस को डिजीटल वॉयस रिकार्डर मय इन्सट्राल सुदा खाली नये मैमोरी कार्ड के सुपुर्द कर परिवादी श्री विक्रमसिंह के साथ रिश्वति राशि मांग का गोपनीय सत्यापन करवाकर लाने हेतु आवश्यक हिदायत दी जाकर जरिए निजी मोटरसाईकिल के

संदिग्ध अधिकारी श्री महेन्द्र कुमार बाबू, कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा.) जालोर की तरफ रवाना किया गया। तत्पश्चात समय 04.00 पी.एम. पर श्री रविन्द्र कुमार सहायक उप-निरीक्षक पुलिस मय परिवादी श्री विक्रमसिंह के रिश्वत राशि मांग सत्यापन में गये हुए कार्यालय हाजा में मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के समक्ष उपस्थित आये तथा श्री रविन्द्र कुमार एएसआई ने डिजीटल वॉयस रिकार्डर स्वीच-ऑफ हालात में मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को प्रस्तुत कर बताया की निर्देशानुसार कार्यालय हाजा से रवाना होकर कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी(प्रा.) जालोर के नजदीक पहूंचे तथा परिवादी को आवश्यक हिदायत दी जाकर डिजिटल वॉयस रिकार्डर ऑन कर परिवादी को सुपुर्द कर वक्त 02.32 पी.एम. पर संदिग्ध अधिकारी श्री महेन्द्र कुमार बाबूजी से संपर्क कर रिश्वत राशि मांग का गोपनीय सत्यापन करवाकर लाने हेतु कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा.) जालोर के लिए रवाना किया व मन् एएसआई उक्त कार्यालय के बाहर अपनी पहचान छुपाते हुए परिवादी के वापस आने के इन्तजार में व्यस्त हुआ, कुछ समय पश्चात परिवादी उक्त कार्यालय से रवाना होकर मन् एएसआई के पास उपस्थित आया जिस पर मन् एएसआई ने पूर्व में सुपुर्द सुदा डिजीटल वॉयस रिकार्डर परिवादी से प्राप्त कर स्वीच-ऑफ कर स्वयं के कब्जे लिया। परिवादी ने बताया कि मैं रवाना होकर श्री महेन्द्र कुमार बाबूजी के कार्यालय में पहूंचा तो वो कार्यालय में मौजूद नहीं मिले जिस पर मैने उनको मेरे मोबाईल फोन से कॉल कर वार्तालाप की तो श्री महेन्द्रजी बाबजी ने मुझे बताया की आप कार्यालय के बाहर चाय की दूकान पर बैठो मैं दस मिनट में आ रहा हूँ जिस पर मन् एएसआई ने वक्त करीबन 02.45 पी.एम. पर डिजीटल वॉयस रिकार्डर पुनः चालू कर परिवादी श्री विक्रमसिंह को सुपुर्द कर संदिग्ध अधिकारी द्वारा बताये स्थान की तरफ रवाना किया व मन् एएसआई वहीं चाय की दूकान के ईर्द-गिर्द परिवादी के इन्तजार में व्यस्त रहा। कुछ समय पश्चात एक व्यक्ति अपनी सफेद रंग की कार से उक्त चाय की दूकान पर आया व परिवादी श्री विक्रमसिंह को कार में साथ बिठाकर धिरे-धिरे कॉलेज तिराहे होते हुए भीनमाल बाईपास की तरफ रवाना हुए जिस पर मन् एएसआई भी अपनी पहचान छुपाते हुए मोटरसाईकिल से पिछे पिछे रवाना हुआ, संदिग्ध अधिकारी ने अपनी कार को रोका जहां कार से परिवादी निचे उतरकर एक एटीएम पर गया जो थोड़ी ही देर में पुनः संदिग्ध अधिकारी की कार में बैठ गया व पुनः भीनमाल बाईपास की तरफ रवाना हुए जिस पर मन् एएसआई उनसे दूरी बनाए हुए पिछा किया गया तो भीनमाल बाईपास से थोड़ा पहले एक दूकान के आगे कार को रोकी जहां परिवादी उतरकर एक दूकान में प्रवेश हुआ व संदिग्ध अधिकारी अपनी कार में बैठा रहा जिस पर मन् एएसआई रवाना होकर उक्त दूकान में प्रवेश हुआ जहां परिवादी विक्रमसिंह से पूर्व में सुपुर्द डिजीटल वॉयस रिकार्डर प्राप्त कर स्वीच-ऑफ कर स्वयं के कब्जे लिया। थोड़ी देर बाद संदिग्ध अधिकारी अपनी कार से रवाना हो गया। जिस पर मन् एएसआई मय परिवादी श्री विक्रमसिंह के जरिए मोटरसाईकिल रवाना होकर उपस्थित कार्यालय आये। उपस्थित परिवादी श्री विक्रमसिंह ने भी श्री रविन्द्र कुमार एएसआई के कथनों की ताईद करते हुए बताया की मेरी वार्ता श्री महेन्द्र कुमार बाबूजी से हुई जिसमे उन्होने मेरे स्कूल के UDISE नंबर व पासवर्ड जारी करने की एवज में दस हजार रुपये रिश्वत राशि की मांग, जिस पर मैने उनको आठ हजार रुपये के लिए कहा तो उन्होने कहा कि दस हजार रुपये ही लगेगें आदि कथन किये। जिस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने डिजिटल वॉयस रिकार्डर को ऑन कर रिवर्स कर रिकार्ड वार्ता को सुना तो उपरोक्त वार्ताएं रिकार्ड होकर परिवादी व श्री रविन्द्र कुमार एएसआई द्वारा बताये कथनों की ताईद हुई तथा उक्त रिकार्ड वार्ताओं की आईन्दा स्वतंत्र गवाहान की उपस्थिति में फर्द ट्रान्सक्रिप्ट कता करने का निर्णय लिया गया। परिवादी ने बताया की मांग सत्यापन वार्ता के दौरान श्री महेन्द्र कुमार बाबूजी ने आज ही रुपये लेकर आने के लिए कहा है मगर मेरे घर पर जरुरी कार्य होने से मुझे भीनमाल जाना है इसलिए मैं रिश्वत में दी जाने वाली राशि दस हजार रुपये की व्यवस्था कर दिनांक 04.12.2025 को आपसे संपर्क कर उपस्थित आऊंगा। जिस पर डिजिटल वॉयस रिकार्डर स्वीच-ऑफ कर मन् एएसपी ने स्वयं की अभिरक्षा सुरक्षित रखा। आईन्दा परिवादी के उपस्थित आने पर अग्रीम कार्यवाही की जावेगी, परिवादी को आईन्दा अग्रीम कार्यवाही हेतु उपस्थित आने हेतु पाबंद कर गोपनीयता की हिदायत कर रूकसत किया गया। जिस पर आज दिनांक 04.12.2025 को समय 11.15 ए.एम. पर परिवादी श्री विक्रमसिंह कार्यालय हाजा में मन् मांगीलाल राठौड़ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के समक्ष उपस्थित आया व बताया की रिश्वत में दी जाने वाली राशि 10,000/- रुपये साथ लेकर आया हूँ। जिस पर अग्रीम कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए समय 11.25 ए.एम. पर श्री भरतसिंह कानि.चालक नं. 501 को कार्यालय के पत्रांक 2269 दिनांक 04.12.2025 के द्वारा तहसीलदार सायला जिला जालोर के नाम तहरीर जारी कर सुपुर्द कर दो स्वतंत्र गवाह प्रस्तावित ट्रेप कार्यवाही हेतु लाने बाबत् निजी मोटरसाईकिल से आवश्यक हिदायत कर तहसील कार्यालय सायला की तरफ रवाना किया गया जो समय 01.50 पी.एम. पर मय दो स्वतंत्र गवाहान के उपस्थित आया तथा कार्यालय तहसीलदार सायला जिला जालोर का आदेश क्रमांक 1166 दिनांक 04.12.2025 की तहरीर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को प्रस्तुत की जिस पर उपस्थित दोनो गवाहान को मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित आने के मन्तव्य से अवगत करवाते हुए पृथक-पृथक परिचय पुछा तो उन्होने क्रमशः श्री नरेश कुमार पुत्र श्री नगराज उम्र 31 साल जाति देवासी, निवासी नयाखेड़ा बागोड़ा पुलिस थाना बागोड़ा जिला जालोर हाल कनिष्ठ सहायक कार्यालय तहसीलदार (भू.अ.) सायला, जिला जालोर, मोबाईल नंबर एवं श्री महेन्द्र कुमार पुत्र श्री सेमीलाल उम्र 36 साल जाति राव निवासी तिखी पुलिस थाना बिशनगढ जिला जालोर, हाल वरिष्ठ सहायक कार्यालय तहसीलदार (भू.अ.) सायला, जिला जालोर, मोबाईल नंबर होना बताया। जिस पर

उपस्थित परिवादी श्री विक्रमसिंह से उपरोक्त दोनो स्वतंत्र गवाहान का परस्पर परिचय करवाया जाकर परिवादी द्वारा दिनांक 01.12.2025 को प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दोनो गवाहान को पढकर सुनाया तथा पढाया गया एवं दिनांक 01.12.2025 को परिवादी व संदिग्ध अधिकारी श्री महेन्द्र कुमार के मध्य हुई वार्तालाप जो डिजीटल वॉयस रिकार्डर में रिकार्ड सुदा के मुख्यांश डिजीटल वॉयस रिकार्डर ऑन कर रिवर्स कर सुनाए गए एवं दोनो गवाहान ने परिवादी से विस्तृत पुछताछ कर तसल्ली कर उक्त कार्यवाही में स्वतंत्र गवाह रहने की मौखिक स्वीकृति देते हुए दोनो गवाहान ने परिवादी की रिपोर्ट पर अपने-अपने दिनांकित हस्ताक्षर किए। समय अभाव के कारण रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्तालाप दिनांक 01.12.2025 की फर्द ट्रान्सक्रिप्ट आईन्दा मूर्तिब करने का निर्णय लिया जाकर डिजीटल वॉयस रिकार्डर में लगा मैमोरी कार्ड सुरक्षित हालात में डिजीटल वॉयस रिकार्डर से निकालकर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने स्वयं के कार्यालय कक्ष के टेबल की दराज में सुरक्षित रखकर तालाबंद कर चाबी स्वंय के पास रखी।तत्पश्चात समय 02.30 पी.एम. पर मन् मांगीलाल राठौड़ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने दोनों स्वतंत्र गवाहान के रूबरू परिवादी श्री विक्रमसिंह द्वारा आरोपी श्री महेन्द्र कुमार बाबू कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा.) जालोर, जिला जालोर को रिश्वत में दी जाने वाली राशि पेश करने हेतु कहा गया तो परिवादी ने पाँच सौ-पाँच सौ रुपये भारतीय प्रचलित मुद्रा के 20 नोट कुल राशि 10,000/- रुपये अपनी जेब से निकाल कर पेश किये जिनके नम्बर फर्द पेशकशी में अंकित करवाये गये। तत्पश्चात कार्यालय हाजा के श्री रविन्द्र कुमार सहायक उप-निरीक्षक मालखाना प्रभारी को निर्देशित कर मालखाना से फिनोफ्थलीन पाउडर की शिशी मंगवाई जाकर श्री भरतसिंह चालक कानि. 501 को सुपुर्द करवाई गई। तत्पश्चात उपरोक्त पाँच सौ-पाँच सौ रुपये के सभी नोटों को पुराने अखबार पर रखवाये जाकर श्री भरतसिंह चालक कानि. 501 से उपरोक्त प्रत्येक नोट पर हल्का-हल्का फिनोफ्थलीन पाउडर लगवाया गया। परिवादी श्री विक्रमसिंह की जामा तलाशी स्वतंत्र गवाह श्री महेन्द्र कुमार वरिष्ठ सहायक से लिरवाई जाकर परिवादी के पास कोई आपत्तिजनक राशी, वस्तु/ दस्तावेज इत्यादी नहीं रहने दिए गए तथा परिवादी का मोबाईल उसके पास रहने दिया गया। तत्पश्चात फिनोफ्थलीन पाउडर युक्त रिश्वत में दी जाने वाली राशी 10,000/- रूपये परिवादी श्री विक्रमसिंह के शर्ट के उपर पहने हुए ब्लेजर के दाहिने साईड में निचे की जेब में रखवाए जाकर हिदायत दी गई कि रिश्वत में दी जाने वाली राशी को रास्ते में हाथ नहीं लगाए एवं छुए नहीं तथा आरोपी श्री महेन्द्र कुमार द्वारा मांगने पर ही उसे अपने ब्लेजर की जेब से निकाल कर देवे, राशि देने से पूर्व व पश्चात आरोपी से हाथ नहीं मिलाएं। अभिवादन की आवश्यकता होने पर दूर से ही हाथ जोड़कर नमस्कार/अभिवादन करें, साथ ही परिवादी श्री विक्रमसिंह को यह भी निर्देशित किया गया कि आरोपी श्री महेन्द्र कुमार द्वारा रिश्वत में दी जाने वाली राशि प्राप्त करने के बाद वह इस राशि को कहां रखता हैं अथवा छुपाता है, इस बात का विशेष ध्यान रखें। उक्त राशि आरोपी श्री महेन्द्र कुमार के प्राप्त करने के पश्चात ट्रेप पार्टी को देखते हुए अपने सिर पर हाथ फेरकर या मन् मांगीलाल राठौड़ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मोबाईल पर कॉल या मिस कॉल कर या ट्रेप दल के अन्य सदस्यों को देखते हुए गोपनीय ईशारा करें। तत्पश्चात् कार्यालय हाजा से एक प्लास्टिक के पारदर्शी गिलास में साफ पानी भरवाया गया, जिसमें एक चम्मच सोडियम कार्बोनेट पाउडर डालकर घोल तैयार कर गवाहान, परिवादी को दिखाया गया तो सभी हाजरीन ने रंगहीन घोल होना स्वीकार किया। इस रंगहीन घोल में श्री भरतसिंह चालक कानि. 501 के हाथों की अंगुलियों एवं अंगुठो को डुबोकर धुलवाया गया तो घोल का रंग परिवर्तित होकर गहरा गुलाबी हो गया जिसे सभी हाजरीन ने घोल का रंग गहरा गुलाबी होना स्वीकार किया। सभी हाजरीन को समझाईश की गई कि आरोपी द्वारा रिश्वती राशि के नोटों को हाथ लगाने और सोडियम कार्बोनेट पाउडर के घोल में हाथ धुलाने पर घोल का रंग गहरा गुलाबी हो जायेगा। फिनोफ्थलीन पाउडर एवं सोडियम कार्बोनेट पाउडर के मिश्रण की क्रिया-प्रतिक्रिया व उपयोगिता के बारे में सभी को भली भांति समझाया गया। तत्पश्चात गिलास के गुलाबी घोल को बाहर फिंकवाया जाकर प्लास्टिक के पारदर्शी गिलास को तोड़कर नष्ट करवाया गया तथा उस अखबार को जलाकर नष्ट करवाया गया, जिस पर नोटों को रखकर फिनोफथलीन पाउडर लगाया गया था। श्री भरतसिंह चालक कानि. 501 से फिनोफ्थलीन पाउडर की शीशी पुनः मालखाना में रखवाई जाकर मालखान को बंद कर ताला लगवाया गया। समस्त ट्रेप पार्टी के सदस्यों, गवाहान के दोनों हाथ एवं ट्रेप कार्यवाही हेतु उपयोग में ली जाने वाली समस्त सामग्री वगैरा को भी साफ पानी व साबुन से दो-दो बार धुलवाया जाकर पुनः ट्रेप बॉक्स में रखवाया गया, तत्पश्चात परिवादी के अलावा समस्त ट्रेप पार्टी के सदस्यों की आपस में जामा तलाशी लिरवाई जाकर किसी के पास कोई आपतिजनक वस्तु/दस्तावेज एवं राशि आदि नहीं रहने दी गई। मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, ब्यूरो दल एवं गवाहान ने अपना-अपना मोबाईल अपने पास रखा। गवाहान को हिदायत दी गई कि जहां तक संभव हो परिवादी व आरोपी के बीच में होने वाली रिश्वती राशि लेन-देन व वार्तालाप को देखने व सुनने का प्रयास करें। उपरोक्त कार्यवाही की कार्यालय हाजा के सरकारी विडियो कैमरे में एक नया मैमोरी कार्ड डलवाकर श्री करणीदान कानि. नं. 236 से विडियोग्राफी करवाई गई। उपरोक्त कार्यवाही की फर्द पेशकशी एवं सुपुर्दगी रिश्वत में दी जाने वाली राशि भारतीय प्रचलित मुद्रा के नोट तथा दृष्टान्त फिनोफ्थलीन पाउडर व सोडियम कार्बोनेट पाऊडर मूर्तिब कर संबंधितगण के हस्ताक्षर करवाये जाकर शामिल रनिंग नोट किया गया। दिनांक 04.12.2025 को समय 03.15 पी.एम. पर मन् मांगीलाल राठौड़ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मय श्री कालूराम कानि. 477, स्वतंत्र गवाहान श्री महेन्द्र कुमार वरिष्ठ सहायक व श्री गुलाबसिंह कानि. 140, ट्रेप बॉक्स मय आवश्यक सामग्री, डिजीटल वॉयस रिकार्डर मय नये मैमोरी कार्ड,

लेपटॉप प्रिन्टर मय पेपर रीम के जरिये निजी वाहन तथा श्री रविन्द्र कुमार एएसआई, श्री मोहनलाल हैड.कानि. 93, स्वतंत्र गवाह श्री नरेश कुमार कनिष्ट सहायक मय आदूराम कानि. 142, श्री करणीदान कानि. 236 मय सरकारी विडियो कैमरा मय इन्ट्राल सुदा मैमोरी कार्ड के निजी वाहन से तथा श्री सुरेन्द्र कुमार कानि. 232 मय परिवादी श्री विक्रमसिंह जरिए मोटरसाईकिल, ट्रेप कार्यवाही हेतु भ्र.नि.ब्यूरो जालोर से कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा.) जालोर जिला जालोर की तरफ रवाना हुए तथा रिश्वत में दी जाने वाली राशि पर फिनोफ्थलीन पाउडर लगाने वाले श्री भरतसिंह कानि. चालक 501 को गोपनीयता की आवश्यक हिदायत दी जाकर कार्यालय हाजा की निगरानी हेतु छोड़ा गया। तत्पश्चात समय 03.30 पी. एम. पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मय समस्त हमरायान व आवश्यक सामग्री के जरिये निजी वाहनों से रवाना सुदा कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा.) जालोर से पहले शंकर वाटिका के नजदीक पहूंचे व समस्त ट्रेप पार्टी को रुकवाकर आवश्यक हिदायत दी जाकर संदिग्ध अधिकारी श्री महेन्द्र कुमार बाबू की उपस्थिति ज्ञात करने हेतु परिवादी श्री विक्रमसिंह के मोबाईल नंबर   से श्री महेन्द्र कुमार बाबू के मोबाईल नंबर   पर वक्त 03.36 पी.एम. पर कॉल करवाकर वार्ता करवाई गई, उक्त वार्ता को कार्यालय के डिजीटल वॉयस रिकार्डर में लगे मैमोरी कार्ड में श्री सुरेन्द्र सीगड़ कानि. नं. 232 के माध्यम से रिकॉर्ड करवाई गई तथा वार्ता के दौरान श्री करणीदान कानि. 236 से सरकारी विडियो कैमरे से विडियोग्राफी करवाई गई। वार्ता के दौरान संदिग्ध अधिकारी श्री महेन्द्र कुमार बाबू परिवादी श्री विक्रमसिंह को कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (मा.) जालोर के बाहर स्थित चाय की दुकान पर उपस्थित आने हेतु कहा है। उक्त वार्ता की आईन्दा फर्द ट्रान्सक्रिप्ट मुर्तिब करने का निर्णय लिया जाकर डिजीटल वॉयस रिकार्डर में लगे मैमोरी कार्ड को सुरक्षित निकालकर मन् एएसपी ने अपने पास सुरक्षित रखा जाकर उक्त डिजीटल वॉयस रिकार्डर में नया मैमोरी कार्ड लगाया जाकर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मय समस्त ट्रेप दल के रवाना होकर कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (मा.) जालोर के पास स्थित चाय की दूकान से कुछ दूरी पर पहूंच वाहनों को रुकवाया जाकर डिजीटल वॉयस रिकार्डर श्री सुरेन्द्र सीगड़ कानि. 232 को सुपुर्द कर हिदायत दी गई की मय परिवादी के रवाना होकर चाय की दूकान के नजदीक पहूंच डिजीटल टेप रिकार्डर ऑन कर परिवादी को सुपुर्द कर रिश्वत राशि लेन-देन वार्ता हेतु रवाना करें तथा मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मय स्वतंत्र गवाहान एवं शेष ट्रेप दल के रवाना होकर चाय की दूकान के नजदीक पहूंच अपनी-अपनी उपस्थिति छुपाते हुए परिवादी के गोपनीय ईशारे में व्यस्त रहे। परिवादी पुलिस थाना कोतवाली जालोर के सामने जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा.) जालोर के पास स्थित चाय की थडी पर पहूंचा जहां परिवादी अपने मोबाईल से किसी से वार्ता करने लगा, कुछ समय पश्चात एक व्यक्ति मोटरसाईकिल पर आकर उक्त चाय की थडी के पास रुका व परिवादी से वार्ता करने लगा एवं परिवादी को अपनी मोटरसाईकिल पर बैठाकर पास ही स्थित जिला शिक्षा अधिकारी (मा.) जालोर के सामने स्थित सुरेन्द्र टी स्टॉल के पास जाकर रुके व मोटरसाईकिल से निचे उतरकर दोनो उक्त सुरेन्द्र टी स्टॉल पर स्थित बैंच पर जाकर बैठे जिसे मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मय स्वतंत्र गवाहान तथा समस्त ट्रेप दल सदस्य जो वहीं उस चाय की दूकान के आस-पास अपनी पहचान छुपाते हुए खडे-खडे परिवादी व संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधियों को देख रहे थे। तत्पश्चात दिनांक 04.12.2025 को समय 03.55 पी.एम. पर रूबरू स्वतंत्र गवाहान परिवादी श्री विक्रमसिंह ने रिश्वती राशि लेन-देन के पश्चात कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) जालोर के बाहर स्थित सुरेन्द्र टी-स्टॉल आहोर रोड जालोर पर एक बैंच पर अन्य व्यक्ति के साथ बैठे हुए ट्रेप पार्टी को देखते हुए पूर्व निर्धारित गोपनीय ईशारा किया जिस पर मन् मांगीलाल राठौड़ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मय हमरा स्वतंत्र गवाहान एवं ट्रेप दल के सदस्यगण तुरंत हरकत मे आकर रवाना होकर कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) जालोर के बाहर स्थित सुरेन्द्र टी-स्टॉल आहोर रोड जालोर पर परिवादी के पास पहूंच मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने पूर्व मे सुपुर्द सुदा डिजीटल वॉयस रिकार्डर परिवादी श्री विक्रमसिंह से प्राप्त कर स्वीच-ऑफ कर स्वयं के पास रखा। तत्पश्चात हमरा श्री करणीदान कानि. 236 जिसे पूर्व मे सुपुर्द सुदा सरकारी विडियो कैमरा मय इन्ट्राल सुदा मैमोरी कार्ड के उक्त विडियो कैमरे को ऑन करवाकर विडियोग्राफी करने हेतु निर्देशित कर विडियोग्राफी चालू करवाई गई। तत्पश्चात पुछने पर उपस्थित परिवादी श्री विक्रमसिंह ने स्वतंत्र गवाहान एवं ट्रेप दल के सदस्यगण के रुबरु उक्त टी-स्टॉल पर स्थित बैंच पर अपने पास बैठ अन्य व्यक्ति की तरफ ईशारा कर बताया कि यह ही श्री महेन्द्र कुमार मीणा बाबूजी है जो मेरे द्वारा कुछ समय पहले मैने पूर्व मे इनके बताए अनुसार उक्त स्थान पर पहूंचकर मैने मेरे मोबाईल नंबर   से श्री महेन्द्र कुमार मीणा बाबूजी के मोबाईल नंबर   पर कॉल किया तो उन्होने इस चाय की दूकान पर आने का कहा था जिन्होने अभी-अभी कुछ देर पहले मेरी परफेक्ट कैरियर एकेडमी स्कूल भीनमाल के UDISE नंबर तथा पासवर्ड जारी करवाने की एवज मे पूर्व मे तय सुदा 10,000/- रुपये मेरे से मांगकर प्राप्त कर अपने दाहिने हाथ से स्वयं के पहनी हुई जीन्स पेन्ट की दाहिनी जेब मे रखे है जो अभी भी इनके जीन्स पेन्ट की जेब मे है। जिस पर मन् मांगीलाल राठौड़ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मय स्वतंत्र गवाहान व ट्रेपदल के सदस्यगण तथा परिवादी का परिचय देकर उक्त व्यक्ति का परिचय पुछा तो उसने अपना नाम महेन्द्र कुमार मीणा पुत्र श्री चिमनाराम जाति मीणा उम्र 34 साल पैशा नौकरी निवासी ग्राम वलदरा पुलिस थाना भाद्राजून जिला जालोर हाल निवास गौतम ऋषि मंदिर के पास रामदेव कॉलोनी जालोर हाल वरिष्ठ सहायक कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) जालोर, जिला जालोर मोबाईल नंबर   होना बताया। जिस पर रुबरु गवाहान व हमरायान के मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने श्री महेन्द्र कुमार मीणा वरिष्ठ सहायक को परिवादी श्री

